तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 17 अप्रैल 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



2 बाबा साहब ने सभी से एकजुट रहकर डटकर संघर्ष करने की सीख : भारती




## खबर संक्षेप

### यातायात शाखा में एएसपी ने पदभार किया ग्रहण

**जांजगीर-चांपा।** जिले के नवपदस्थ एएसपी उदयन बेहार ने कार्यालय यातायात शाखा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी सहित यातायात में पदस्थ अधिकारी व कर्मचारियों ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विवेक शुक्ला द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पश्चात जिले में बेहतर एक्सीडेंटल डेथ को कम करने एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु निर्देशित किया गया। सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए उचित बचाव के लिए यातायात नियमों के संबंध में लोगों को जागरुक करने हेतु निर्देशित किया गया। इससे पूर्व भी एएसपी उदयन बेहार जांजगीर चाम्पा जिले में पदस्थ रह चुके है। छ.ग. शासन गृह विभाग के आदेशानुसार उदयन बेहार द्वारा यातायात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर- चाम्पा के पद पर पदभार ग्रहण किया गया जिसमें यातायात शाखा में पदस्थ कार्यलयीन स्टाफ उपस्थित रहे।

### नवधा रामायण महोत्सव में हवन, सहस्त्रधारा कल

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा विकासखंड के ग्राम पंचायत रसौटा में अखंड नवधा रामायण महोत्सव मंगलवार 8 अप्रैल को कलशयात्रा एवं वेदीपूजन के साथ प्रारंभ हुआ है। कथा विश्राम गुरूवार 17 अप्रैल एवं हवन, सहस्त्रधारा एवं पूर्णा हुति शुक्रवार 18 अप्रैल को किया जाएगा। नवधा रामायण महोत्सव में आचार्य महामाया हरदी निवासी बागीश पाण्डेय है। कार्यक्रम अध्यक्ष कमलकांत गर्ग, उपाध्यक्ष नीलकमल गौतम, कोषाध्यक्ष प्रताप सिंह नर्मदा, सचिव देवनारायण सिंह भारद्वाज, अजय गौतम सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में नवधा रामायण चल रहा है। नवधा रामायण सुनने के लिए रसौटा, खिसोरा, डोंगरी, बलौदा सहित आसपास गांव से बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हे।

### शराब की बिक्री करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सक्ती।** अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सक्ती थाना अंतर्गत ग्राम सिंघनसरा का है। इस संबंध में मुखबिर से सूचना मिली कि 16 अप्रैल को ग्राम सिंघनसरा निवासी डाम्बुदेर उर्फ डमरू लाल पटेल पिता दिनेश कुमार पटेल भारी मात्रा में देशी प्लेन शराब बिक्री करने हेतु अपने कब्जे में रखा कर पैदल बुधवारी बाजार की ओर जा रहा है। जिसके कब्जे से 6जुमला 10.980 एम एल किमती 4880 रुपए को रखा गया गया। आरोपी डाम्बुदेर उर्फ डमरू लाल पटेल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्यवाही निरीक्षक बृजेश कुमार तिवारी, लालाराम खुंटे, उमेश साहू, आर. 142 घनश्याम टण्डन की भूमिका रही।





सक्ती टेमर मुख्य मार्ग पर चक्काजाम करते ग्रामीण।

### नवगठित जिला सक्ती में कलेक्टोरेट के बाद चिकित्सालय का भी स्थान परिवर्तित

# बदला जिला अस्पताल निर्माण का स्थान, दिन भर रहा चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

रियासतकालीन स्टेट और आजादी के बाद अविभाजित बिलासपुर जिले की सबसे पुरानी तहसीलों में से एक सक्ती के जिला बनने के बाद जहां कलेक्टर और एसपी कार्यालय के शहर से दूर होने का मुद्दा शुरूआती दिनों से चला आ रहा है तो वहीं जिला अस्पताल के लिए प्रस्तावित स्थान को परिवर्तित करने का नया मुद्दा सामने आ गया। इसके विरोध में सक्ती , टेमर क्षेत्र के लोग सड़क पर उतर आए और मुख्य मार्ग पर दिन भर चक्काजाम कर दिया।

बुधवार 16 अप्रैल को ग्राम टेमर सहित आसपास के नागरिक बड़ी संख्या में एकजुट होकर सड़क पर उतर आए। वे हाथों में जन आंदोलन चक्काजाम लिखा हुआ बैनर रखे हुए थे। इसको लेकर बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों की भीड़ सड़क पर बैठ गई। उनके सड़क पर बैठते ही टेमर-नवापारा-सिंघनसरा रोड पर आवागमन पूरी तरह से अवरूद्ध हो गया। चक्काजाम की सूचना पाकर पुलिस के साथ प्रशासनिक अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने आंदोलन कर रहे लोगों से चर्चा की। इस दौरान आक्रोशित लोगों का कहना था कि ग्राम टेमर में ही जिला अस्पताल का भवन निर्माण किया जाए। उन्होंने बताया कि सक्ती के जिला बनने के बाद जिला अस्पताल के लिए टेमर में जगह चिन्हांकित की गई थी। जहां पर पूर्व में भूमिपूजन हुआ था, लेकिन इसके बाद जिम्मेदार अफसरों को ना जाने क्या सूझी कि उन्होंने जिला अस्पताल के भवन का निर्माण बाराद्वार रोड पर शुरू कर दिया। लोगों का कहना था कि पूर्व में भी उनके साथ छलावा हुआ है। सक्ती को जिला बनाने के नाम पर घोषणा हुई। नाम भी सक्ती जिले का है, लेकिन जिला स्तर के कार्यालय खास करके कलेक्टर और एसपी के दफ्तर जेठा में शिफ्ट कर दिया। इस दौरान विरोध हुआ तो शहर के आसपास जगह की कमी बताई गई। इस बीच जिला अस्पताल के लिए टेमर में स्थल चयन किया गया और अब इसे भी परिवर्तित करके जिला अस्पताल का निर्माण बाराद्वार रोड पर कराया जा रहा है। कुल मिलाकर इस मुद्दे को लेकर आंदोलनकारी भारी आक्रोशित नजर आए। उन्होंने मौके पर पहुंचे अफसरों की बात नहीं सुनी। सुबह से शाम तक आंदोलनकारी सड़क पर बैठे रहे। इस दौरान डभरा एव मालखरौदा क्षेत्र से आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बताया जाता है कि ग्राम टेमर में ही जिला अस्पताल का भवन निर्माण करने की मांग की जा रही है। उन्होंने बताया कि सक्ती के जिला बनने के बाद जिला अस्पताल के लिए टेमर में जगह चिन्हांकित की गई थी। जहां पर पूर्व में भूमिपूजन हुआ था, लेकिन इसके बाद जिम्मेदार अफसरों को ना जाने क्या सूझी कि उन्होंने जिला अस्पताल के भवन का निर्माण बाराद्वार रोड पर शुरू कर दिया। लोगों का कहना था कि पूर्व में भी उनके साथ छलावा हुआ था।

# भारी भरकम मशीनों से कर रहे नदियों का सीना छलनी, थोक में हुए जब्त

## 2 चैन माउंटेन, 4 हाइवा के साथ 14 ट्रैक्टर आए पकड़ में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा





रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर कार्रवाई करने पहुंचे तहसीलदार व उनकी टीम

जिले की जीवनदायिनी महानदी और हसदेव में सक्रिय माफिया भारी भरकम मशीनें लगाकर रेत का उत्खनन और परिवहन कर रहे है। इस पर खनिज और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई शुरू की तो एक ही दिन में दर्जन भर से अधिक जब्तियां बनी। संयुक्त टीम ने उत्खनन कार्य में लगे 2 चैन माउंटेन के साथ परिवहन में लगे 4 हाइवा और 14 ट्रैक्टरों को पकड़ा। इस कार्रवाई से अवैध उत्खनन और परिवहन करने वालों में हड़कंप मच गया है।

जिले के जांजगीर, बलौदा, पामगढ़ और शिवरीनारायण क्षेत्र में इन दिनों रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन का कार्य धडल्ले से हो रहा है। यहां अवैध रूप से गुलजार घाटों पर बड़ी बड़ी मशीने लगाकर माफिया हसदेव और महानदी का सीना छलनी कर रहे है। यहीं नहीं जगह जगह रेत को डंप करने का भी काम हो रहा है। ऐसी स्थिति में बुधवार 16 अप्रैल को खनिज और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम कार्रवाई करने के लिए निकली। इस दौरान जांजगीर और बलौदा तहसील क्षेत्र के ही चुनिंदा रेत घाटों पर अफसरों की टीम पहुंची तो एक बारगी वे भी चकित रह गए। मौके पर पहुंची टीम ने अवैध उत्खनन और परिवहन में लगी गाड़ियों को पकड़कर सील करने की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान जांजगीर तहसील क्षेत्र में 1 चैन माउंटेन, 4 हाइवा और पीथमपुर रेत घाट में अवैध रूप से उत्खनन में लगे 1 चैन माउंटेन को जब्त किया। पकड़ी गई गाड़ियों को सील करके प्रकरण बनाया गया। इसी प्रकार बलौदा क्षेत्र में पहुंची अफसरों की टीम ने अवैध परिवहन में लगे 14 ट्रैक्टरों की जब्ती बनाई है। इस कार्रवाई के बाद अवैध उत्खनन व परिवहन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

### शिवरीनारायण व पामगढ़ बना रेत माफियाओं का गढ़

जिले में वैसे तो रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन का सिलसिला लगभग सभी घाटों में चल रहा है, खास करके शिवरीनारायण और पामगढ़ का एरिया तो रेत माफियाओं का गढ़ बन चुका है। यहां शिवरीनारायण, खोरसी, हड़हा, तनौद और देवरघटा में बड़ी बड़ी मशीनों से उत्खनन करके सैकड़ों हाइवा रेत का परिवहन बिलासपुर जिले की ओर होता है।

# बड़ी मात्रा में नशीली दवाइयों के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



गिरफ्तार आरोपी।

बड़ी मात्रा में नशीली दवाईयों के साथ एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया है। वारदात में प्रयुक्त बाइक को बरामद किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब, मादक पदार्थ व जुआ पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध करने हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिले में अवैध शराब, मादक पदार्थ व जुआ पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध करने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में डीएसपी श्रीमती कविता ठाकुर के नेतृत्व में थाना जांजगीर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सुकली मोड हाइवे मोड़ के पास एक लड़का अवैध रूप से नशीली टेबलेट लेकर बाइक में घुम रहा है। सूचना पर जांजगीर पुलिस द्वारा औषधि निरीक्षक के साथ मौके की ओर रवाना हुआ, जहां एक युवक पुलिस टीम को देखकर भागने के फिराक में था, जिसे पुलिस टीम के द्वारा दौड़ा कर पकड़ा गया। पूछताछ के नाम पता पूछने पर अपना नाम महेश बरेठ निवासी पेंड्री थाना जांजगीर का होना बताया। जिसके कब्जे से नशीली टैबलेट को जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया जाकर गिरफ्तार कर 17 अप्रैल को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर, सहायक उपनिरीक्षक राम प्रसाद बघेल, प्रधान रक्षक राजकुमार चंद्रा, आरक्षक नीतीश विश्वकर्मा ,दिनेश चौहान एवं महिला आरक्षक रेखा यादव का योगदान रहा।

### ट्रैक्टर शोरूम में चोरी, आरोपी को किया जेल दाखिल

**जांजगीर-चांपा।** ट्रेक्टर शो रूम से नगदी रकम चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 13 अप्रैल की शाम 6 बजे जसमन ट्रेक्टर शोरूम अकलतरा के अलमारी के लॉकर को तोडकर उसमें रखे नगदी रकम 95 हजार रूपए को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया। प्रार्थी नरेन्द्र कश्यप निवासी बलौदा की रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में धारा 305(ए) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया था। चोरी जैसे की घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप, एसडीओपी प्रदीप सोरी के कुशल मार्ग दर्शन में चोरी गए नगदी एवं अज्ञात आरोपी की लगातार पातासाजी की जा रही थी। प्रकरण की विवेचना दौरान आरोपी विजय कुमार साहू निवासी अंधियारीपाठ अकलतरा को पकड़ा। घटना समय को जसमन ट्रेक्टर शोरूम अकलतरा के अलमारी से नगदी रकम 95 हजार रूपए की चोरी करना जुर्म स्वीकार किए जाने पर चोरी का नगदी रकम 95 हजार रूपए को बरामद कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर में भेजा गया।






### प्रतिदिन 100- 150 ट्रकों का सामान हो रहा लोड-अनलोड

# गुड्स रेक साइडिंग में अव्यवस्था, कभी भी हो सकती है दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



रेक साइडिंग।

नगर के रेलवे स्टेशन स्थित गुड्स रेक साइडिंग में अनेक अव्यवस्थाएं है। जिसके चलते यहां से गुजरने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है साथ ही यहां कभी भी कभी दुर्घटना घटित होने की आशंका है। गुड्स रेक साइडिंग में प्रतिदिन 100-150 ट्रकों से सामान का लोड अनलोड कार्य किया जाता है।

लोडिंग अनलोडिंग के दौरान ओवरलोडेड गाड़ियां बेतरतीब ढंग से इस मार्ग पर खड़ी रहती हैं। जिसके चलते घंटों तक इस मार्ग में आवागमन अवरुद्ध रहता है जिससे एम्बुलेंस सहित स्कूल,कार्यालय एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रेक साइडिंग वार्ड वासियों की बसाहट के बीच स्थित है एवं इसके आसपास बच्चे भी खेलते रहते हैं जिनके बड़ी गाड़ियों की चपेट में आकर दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बनी हुई होती है। पार्षद सुनीता आशीष प्रसाद द्वारा पूर्व में शिकायत करने पर रेलवे द्वारा प्रदूषण रोकने के लिए टिन शेड का निर्माण किया गया है लेकिन यह शेड निर्माण किसी प्रकार का प्रदूषण नहीं रोक हो रहा है। टिन शेड बनने से ट्रकों और ट्रेलरों के खड़े होने से उल्टे सड़क और ज्यादा जाम हो रही है। ठेकेदार द्वारा कभी भी पानी का छिड़काव नहीं किया जाता है। दुर्घटना की आशंका होने के बाद भी रेलवे प्रशासन और पुलिस प्रशासन भी कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। मनका दाई रोड को पोंड़ीभाटा से जोड़कर रेक्सिडिंग के बाजू स्थित रोड पर निर्भरता कम की जा सकती है। रेलवे गुड्स रेक साइडिंग के बाजू स्थित सड़क नगर के वार्ड क्रमांक 1 ,2 ,3 एवं 4 सहित क्षेत्र के 20-25 गांव जाने के लिए एकमात्र विकल्प है जिसके चलते यहां पर यातायात का दबाव बना रहता है।

खबर संक्षेप

## संविधान निर्माता अंबेडकर की शोभा यात्रा का विप्र समाज ने किया स्वागत



**जांजगीर-चांपा।** डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आयोजित शोभायात्रा का ब्राह्मण समाज जांजगीर नैला के विप्रजन द्वारा पुराने गणेश टॉकीज के सामने स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में आने वाले लोगों का कोल्ड ड्रिंक, पेयजल से स्वागत किया गया। ब्राह्मण समाज की तरफ से प्रवीण पाण्डेय, ओमप्रकाश शर्मा, चंकी तिवारी ,अविनाश शुक्ला, अनिल शर्मा,दीनानाथ उपाध्याय,महेश शर्मा, अनुराग शर्मा कन्नू,रवि शर्मा,प्रफुल्ल तिवारी, गोविंद पाण्डेय, नीरज शर्मा,रिक्की शर्मा,सतीश शर्मा, लालू शर्मा,आशीष शर्मा, समर्थ पाण्डेय,सृजन तिवारी, संस्कार पाण्डेय ,ऋषभ शर्मा ,उदय शर्मा आदि उपस्थित थे।

## श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई अंबेडकर जयंती



**देवरी-सारागांव।** देवरी सारागांव एवं ग्राम पंचायत अमरुवा में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ. सुरेश कुमार देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब ने समाज में व्याप्त असमानता, छुआछूत, शोषण और ऊंच-नीच के खिलाफ जीवनभर संघर्ष किया। वे भारतीय संविधान के शिल्पकार रहे, जिन्होंने समानता और न्याय आधारित समाज की नींव रखी। समारोह के दौरान डॉ. देवांगन सहित अन्य अतिथियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में अमरुवा के युवा सरपंच मुकेश सागर, देवरी के सरपंच मनीष केंवट, डॉ. कैलाश बरेठ, डॉ. भंजय गबेल, डॉ. रवि प्रधान, डॉ. पॉल, डॉ. रामदयाल यादव, डॉ. लोमस यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। आयोजन में बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

## फगुरम में संविधान निर्माता बाबा साहब को किया याद



**फगुरम।** ग्राम पंचायत फगुरम में 14 अप्रैल को बाबा साहब अंबेडकर की जयंती भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मनाई गई। इस दौरान अंबेडकर चौक पर बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के मुर्ति पर माल्यार्पण किया गया और श्रीफल फोड़कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस आयोजन में अडभार मंडल अध्यक्ष जिवेन्द्र गबेल , योगेश राठौर सेवा सरकारी समिति फगुरम , जीवन लाल टंडन ,महेद्रा टंडन पुर्व सरपंच, सूरज वर्मा, विनोद पांडे उप सरपंच फगुरम , मालिक राम बीडीसी सपिया,पूर्व मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र यादव , नितिन शुक्ला , विजय धिरहे, संतोष राठौर , भुपेंद्र चंद्रा खेमसिंह राठौर, लालु यादव, सिध्दांत पांडे, और गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## गरीबो के पथ प्रदर्शक थे डॉ. भीमराव अम्बेडकर

**शिवरीनारायण।** शिवरीनारायण में भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती 14 अप्रैल को मनाई गई। जिला उपाध्यक्ष द्रौपती केशरवानी द्वारा भीमराव के जीवन पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष से भरा हुआ था, फिर भी शिक्षा को महत्व दिया। शिक्षित व्यक्ति ही समाज को आगे बढ़ाता है। शिक्षित समाज ही मनुष्य को जीवन जीना सिखाती है। समानता और ज्ञान के प्रतीक माने जाने वाले बाबा साहेब अम्बेडकर जी भारतीय संविधान के निर्माता ही नहीं अपितु समस्त भारतीयो के प्रेरणा दायक है। वे गरीबो के पथ प्रदर्शक थे। कार्यक्रम में ग्राम की महिलाये उपास्थित थी।

अंबेडकर जयंती पर बाजे-गाजे के साथ निकली रैली, भारत के नव निर्माण में योगदान और संघर्ष को याद करने विचार गोष्ठी का आयोजन

# बाबा साहब ने सभी से एकजुट रहकर डटकर संघर्ष करने दी सीख : भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को चर्च मैदान से रेलवे स्टेशन तक गाजा-बाजा के साथ रैली निकाली गई। रैली में करीब 5000 लोगों ने नीले सफेद परिधान पहने झंडा बैनर पोस्टर के साथ भाग लिए। इस दौरान कचहरी चौक में भव्य आतिशबाजी की गई।

रैली का समापन भारत के संविधान शिल्पी, भारतरत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा स्थल में पुष्पांजलि के साथ हुआ। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मंगल भवन जांजगीर में हजारों की संख्या में लोग एकजुट हुए । इस मौके पर आयोजित विचार संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में छ.ग. अजाक्स के प्रांताध्यक्ष डॉ. लक्ष्मण भारती अपने विद्वान सहयोगियों के साथ शामिल हुए। उन्होंने अपने उद्बोधन में बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर को एक युग पुरुष के रूप में याद किया। उन्होंने समाज को एकजुट रहने तथा निडर होकर डटकर संघर्ष करने का जज्बा बनाए रखने का आह्वान किया। वही सर्व सतनामी समाज के अध्यक्ष महारथी बघेल ने बाबा साहब को दुनिया का सर्वाधिक विद्वान नेता और एक महान समाज सुधारक बताया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. कुंज किशोर ने अपने उद्बोधन में बच्चों को बाबा साहब से सिख लेने को कहा और विषम परिस्थितियों में भी पढाई को नहीं छोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षा को व्यक्ति का भाग्य बनाने वाला भगवान कहा, और स्कूल-कॉलेज को एक मंदिर बताया। कार्यक्रम के संयोजक बी आर रत्नाकर, जिलाध्यक्ष छ.ग.अजाक्स ने कहा कि बाबा साहब सबके लिए शिक्षा का द्वार खोले तथा सबको न्याय और अवसर की समानता का अधिकार दिए। कार्यक्रम और समिति के अध्यक्ष अविनाश सिंह नेटी ने बाबा साहब को एक व्यक्ति नहीं एक विचार शक्ति के रूप में निरूपित किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचारों पर चलकर यह देश और दुनिया हमेशा नीति नई नई ऊंचाईयां हासिल करता रहेगाऔर उनके विचार हमेशा प्रासंगिक रहेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. अनिल जगत मेडिसिन विशेषज्ञ रायगढ़, डॉ. विष्णु पैगवार, चिकित्सा अधिकारी जांजगीर, डॉ. पुष्पेंद्र सिंह घृतलहरे, चिकित्सा अधिकारी जांजगीर, नीलम सोनार सामाजिक कार्यकर्ता, जितेंद्र पाटले, प्रांतीय संगठन सचिव अजाक्स, अक्षय कुमार कंवर सहायक आयुक्त आदिमजाति विकास विभाग जांजगीर, डॉ, कुंज किशोर प्राचार्य, पद्मा बनर्जी प्राचार्य प्रमुख रूप से कार्यक्रम में उपस्थित थे। शहर में शोभायात्रा का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष अविनाश कुमार नेटी, कार्यक्रम के संयोजक बी आर रत्नाकर जिलाध्यक्ष अजाक्स एवं उपाध्यक्ष विजय कुमार मनहर, साथ ही अन्य समाज प्रमुखों में एड.महारती बघेल, लिलेश्वर रत्नाकर, सागर मोगरा, देव कुमार गढ़वाल, हेमंत पैगवार सहित अनके सक्रिय समाजसेवियों ने किया। कार्यक्रम में आयोजन समिति के ए.डी. आजाद, रोहित खूंटे, डी, एल, अनंत, डॉ, जैनेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, धनीराम जांगड़े, योगेश बनर्जी, एड. लक्ष्मी लहरें, चंद्रकुमार मिरी, साहेबलाल दिवाकर, जगजीवन बनर्जी,डॉ, राजकुमार दिवाकर, के.के. दिनकर, सी, बी, बंजारे, एस.आर. मनहर, बी.डी. टंडन, डॉ, एस.एल. आग्रेय, एड. रमेश बघेल, एड. आर के काटले,कोमल महिलांगे, कमल नारायण भारद्वाज, अमृत लाल भारद्वाज, अश्वनी बर्मन, तेरस रात्रे, बी सी टंडन, एच एन दिवाकर, उत्तरा आनंद, एच आर बर्मन, मनोज खटकर, विपिन खांडेकर, राजू पंकज, संतोष बर्मन, शीतल खांडेकर, हरीशचंद्र माथुर, पी.आर. रात्रे, दिलीप रात्रे, प्रकाश रात्रे, उत्तरा अनंत, तरुण नेताम, राजेंद्र ध्रुव, के.के नवरंगे, सुमनलता रत्नाकर,नम्रता रात्रे, कुसुमलता पाटले, सरोज मनहर, संतोषी दिवाकर प्रभा दिवाकर, रंजना खटकर,रेखा सोनवान जयश्री रात्रे, प्रभा कुर्रे उपस्थित रहे।



अंबेडकर जयंती पर निकली रैली में शामिल लोग।

## जागृति महिला स्व सहायता समूह ने अंबेडकर को अर्पित की श्रद्धांजलि



**देवरी सारागांव।** ग्राम पंचायत देवरी में जागृति महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े श्रद्धा और उत्साह से मनाई। महिलाओं ने दीप प्रज्वलन कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके अतुलनीय योगदानों को याद किया। इस अवसर पर "बाबा साहब अमर रहें" के गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में बाबा साहब के समाज सुधार, शिक्षा और समानता संबंधी विचारों को साझा किया गया। महिलाओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और सामाजिक जागरूकता के लिए एकजुट रहने का संदेश दिया। यह आयोजन न केवल श्रद्धांजलि का प्रतीक था, बल्कि बाबा साहब के विचारों और आदर्शों को जनमानस में जीवित रखने का एक प्रेरणादायी प्रयास भी रहा। जागृति समूह द्वारा किया गया यह आयोजन समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना गया।

## अंचल में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

**बिर्रा।** बिर्रा सहित अंचल में संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई। ग्रामवासियों के द्वारा गांव में स्थित गुरु घासीदास के जय स्तंभ की पूजा अर्चना कर डॉ अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर



श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इसी तरह ग्राम सोनदह में जिला पंचायत सदस्य मोहन कुमारी साहू के गांव आगमन पर उसे श्रीफल, पुष्प गुच्छ और साड़ी भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मोहन कुमारी ने बाबा साहेब द्वारा लिखी संविधान की किताब को अपने बच्चों को पढ़ाने और उसकी शिक्षा को बताने को कहा। अंबेडकर ने महिलाओं के अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी और आज महिलाएं आगे बढ़ रही है यह बाबा साहेब की देन है। कुमारी साहू ने कहा कि इस गांव के विकास की धारा बहाने में कोई कमी नहीं रहेगी। साथ ही गांव में छत चबूतरा निर्माण हेतु 10 लाख रुपए की सहायता राशि की घोषणा की। और आश्वासन दिया कि भवन का निर्माण शीघ्र होगा।

## संविधान निर्माता को अर्पित की पुष्पांजलि, निकाली बाइक रैली

**कोसमंदा।** डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती ग्राम कोसमंदा में मनाई गई। सूर्यवंशी समाज के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता जीडी प्रधान गांव के मुखिया संजय रत्नाकर एवं युवा साथियो ने सर्वप्रथम बाबा साहब के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की इसके बाद डीजे के साथ बाइक रैली निकाली। कृष्ण टंडन हथनेवरा के साथ ग्रामीण क्षेत्र अफरीद डॉक्टर अंबेडकर क्रीडा स्थल में फूलमाला चढ़कर स्वागत किया गया। घठोली चौक में सामाजिक कार्यकर्ता राजनीतिक पार्टी एवं भीम आर्मी बहुजन समाज पार्टी के लोगों में अपने विचार व्यक्त किए।



# सही मार्गदर्शन युवाओं के लिए बनती जा रही सफलता की गारंटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जैजैपुर

युवा कैरियर एकेडमी तुषार के तत्वाधान में क्षेत्र के प्रतिभाओं का सम्मान हुआ। एकेडमी के संचालक लीलाधर चंद्रा उत्तम चन्द्रा के द्वारा क्षेत्र के प्रतिभाओं को शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह से अतिथि के रूप में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कीर्तन चंद्रा एवं विशिष्ट अतिथियों के माध्यम से सम्मानित किया गया।

**खास बात**

- क्षेत्र के प्रतिभाओं का सम्मान हुआ, लक्ष्य प्राप्त करने दिए गए टिप्स

सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि कीर्तन चंद्रा एवं ग्राम पंचायत तुषार के सरपंच प्रमोद चन्द्रा ने कहा युवा कैरियर एकेडमी के मार्गदर्शन में राज भारद्वाज मनीष भारद्वाज विशाल बर्मन अग्नि वीर के रूप में लखन खुंटे सहायक शिक्षक एवं अभिषेक का सीआरपीएफ में चयन होना इस बात को साबित करता है। लीलाधर चंद्रा एवं उत्तम चन्द्रा के द्वारा संचालित निःशुल्क युवा करियर एकेडमी का सफल मार्गदर्शन युवाओं के लिए सफलता कि गारंटी बनती जा रही है। इसका श्रेय संचालक लीलाधार चंद्रा मार्गदर्शक उत्तम चन्द्रा व्याख्याता शंकर लाल धीरहे एवं उनके टीम को जाता है। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। चयनित प्रतिभा युवाओं ने करियर एकेडमी के मार्गदर्शन से उन्हें उनका लक्ष्य प्राप्त होना बताया। श्री चंद्रा क्षेत्र में छिपे प्रतिभाओं को निःशुल्क शिक्षा युवा कैरियर एकेडमी के मार्गदर्शन के माध्यम से ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने कसर नहीं छोड़ते क्षेत्र में सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई है। वर्तमान में उनके द्वारा तुषार में सरस्वती शिशु मंदिर का संचालन भी किया जाता है।




प्रतिभाओं को सम्मानित करते अतिथि।

## भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर संगोष्ठी

**राहौद।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती पर संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया । वहीं महामना बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती को हर्षोल्लास के साथ कैंडल जलाकर श्रीफल तोड़कर धूप दीप प्रज्वलित कर मनाया गया। विचार गोष्ठी को प्राचार्य संतोष अनंत ने संबोधित किया। इस अवसर परपार्षद परम कुर्रे , पार्षद अमित कुमार अनंत ,रामचरण अनंत , सतराम अनंत , जयपाल बंजारे , विजय कुर्रे , जयमन बंजारे , प्रेम कुर्रे ,कौशल अनंत ,अमन अनंत , राजा कुर्रे , संजय दिवाकर ,दीपक दिवाकर , रजनीकांत अनंत , थानू राम अनंत , चंद्रकुमार अज़गले ,गंगाराम कुर्रे , दिनेश मनहर , ने आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होकर मानव समाज के हित में उनके द्वारा किए गए कार्यों को स्मरण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया ।



**// इश्तहार //**

क्रमांक // तह./वा./25
पामगढ़, दिनांक 04/04/2025
रा.प्र.क्र 202504063100057/ब-121
ग्राम-पनगाँव प.ह.नं.

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक परस राम पिता छुन्दुरु राम जाति सूर्यवंशी ग्राम पनगाँव थाना पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. ने आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र पेश कर निवेंदन किया है की अपने स्वयं परस राम पिता छुन्दुरु राम का जन्म दिनांक 06/07/1953 को ग्राम पनगाँव पर हुआ है जिसका भूलवश पंजीयन ग्राम पनगाँव में नहीं करा पाने के कारण जन्म पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र का मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 18/04/2025 को दावा अपत्ति पेश कर सकते है।

आज दिनांक 04/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया

**कार्यपालक दण्डाधिकारी**
**पामगढ़**
**जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मालखरौदा जिला सक्ती (छ०ग०)**

**// पेपर प्रकाशन //**

रा.प्र.क्र./-/अ-2/2024-25
ग्राम- मिरौनी तहसील- छपोरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुखराज साहू पिता भागवत प्रसाद साहू, जाति-तेली निवासी ग्राम मिरौनी तहसील-छपोरा, जिला-सक्ती (छ.ग.) के द्वारा अपने हक स्वामित्व की ग्राम मिरौनी तहसील-छपोरा में स्थित पैतृक भूमि खसरा नंबर 472/1, 480/1, 480/2, 480/3, 480/4, 480/5, 480/6, 480/7, 481/1 व 482/1 रकबा क्रमशः 0.01010, 0.01380, 0.0610, 0.0610, 0.0610, 0.0610, 0.0930, 0.0610, 0.0610, 0.0610 हे. कुल 0.559 हे./1.39 एकड़ को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराये जाने के लिए खसरा, नक्शा, बी-1 एवं मिसल की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 24/04/25 तक स्वयं या अधिवक्ता के जरिये उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 09/04/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील एवं पदमुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.)**

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.)**

**// पेपर प्रकाशन //**

रा.प्र.क्र./-/अ-2/2024-25
ग्राम-भेड़ीकोना, तहसील- छपोरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गायत्री साहू पति भागवत साहू, जाति-तेली निवासी ग्राम मिरौनी, तहसील-छपोरा, जिला-सक्ती (छ.ग.) के द्वारा अपने हक स्वामित्व की ग्राम भेड़ीकोना, तहसील-छपोरा में स्थित पैतृक भूमि खसरा नंबर 160/1घ, 258/8, 259/9, 304/5 व 304/8 रकबा क्रमशः 0.0400, 0.0400, 0.0220, 0.0160 व 0.0080 हे. कुल 0.124 हे./0.31 एकड़ को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराये जाने के लिए खसरा, नक्शा, बी-1 एवं मिसल की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 24/04/25 तक स्वयं या अधिवक्ता के जरिये उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 09/04/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील एवं पदमुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**सक्षम प्राधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.)**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं: मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जांच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

जाँजगीर मार्केट

संजीवनी SPRHC फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
• फ्रेक्चर, प्लास्टर ऑपरेशन के बाद जोड़ो का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
• कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
• सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह)
• नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS (Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615



# 18 को रिलीज होगी 'केसरी : चैप्टर 2'

**मुंबई।** 'केसरीः चैप्टर 2' 18 अप्रैल 2025 को रिलीज हो रही है। फिल्म में अक्षय कुमार और आर माधवन के अलावा अनन्या पांडे भी हैं। ये फिल्म वकील शंकरन नायर के परपोते रघु पलात और उनकी पत्नी पुष्पा की लिखी किताब द केस दैट शुक द एम्पायर पर आधारित है। फिल्म जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की कहानी पर आधारित है। दिल्ली में स्पेशल स्क्रीनिंग में नेताओं ने फिल्म की तारीफ की। साल 2019 में खिलाड़ी अक्षय कुमार ने केसरी फिल्म से धुआं उड़ा दिया था। अब 5 साल के बाद वह फिर से इसका सीक्वल लेकर लौट रहे हैं।

## लाइफ Style

# प्रियंका हॉलीवुड कॉमेडी फिल्म का बनीं हिस्सा

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का नाम एक और हॉलीवुड फिल्म से जुड़ गया है। वह निकोलस स्टोलर की आगामी कॉमेडी प्रोजेक्ट में 'बेवॉच'के को-स्टार जैक एफ्रॉन के साथ फिर से जुड़ रही हैं। आगामी फिल्म में माइकल पेना और विल फेरेल भी हैं।

एजेंसी ⏩ मुंबई

हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, फिल्म में रेजिना हॉल, जिमी टैट्रो और बिली आइचनर भी हैं। निकोलस अपनी खुद की स्क्रिप्ट से फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के साथ, वह अपनी हालिया फीचर फिल्म 'यू आर कॉर्डियली इनवाइटेड' में सहयोग करने वाले स्टूडियो के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। आगामी कॉमेडी फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और माइकल की भूमिकाओं को लेकर कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है। फिल्म से जुड़े विवरण अभी भी गुप्त रखे गए हैं। वहीं, प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कास्टिंग अनाउंसमेंट की एक झलक शेयर करके इस प्रोजेक्ट में अपनी भागीदारी की पुष्टि भी की, जिसने फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया है। प्रियंका चोपड़ा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह निर्देशक एसएस राजामौली के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने हाल ही में ओडिशा के कोरापुट में शूटिंग शेड्यूल पूरा किया है। इस फिल्म में महेश बाबू भी हैं। राजामौली के पिता, लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने 'एसएसएमबी 29' की कहानी लिखी है और कहा जाता है कि यह इंडियाना जोन्स की तरह ही एक एक्शन-एडवेंचर है। इसके अलावा प्रियंका के पास इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ 'हेड्स ऑफ स्टेट' है। वह 'द ब्लफ' में में भी नजर आएंगी।



## हॉलीवुड मसाला



# टीवी सीरीज के कलाकारों की घोषणा

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर की जादुई दुनिया को लेकर प्रशंसकों में हमेशा से ही उत्साह रहा है। हैरी पॉटर की टीवी सीरीज में कौन से कलाकार किसका रोल निभाएंगे, इस बात का खुलासा कर दिया गया है। हैरी पॉटर की सीरीज में अल्बस डंबलडोर के रोल में जॉन लिथगो नजर आएंगे। वहीं, मिनर्वा मैकगोनागल के रोल में जेनेट मैकटीर और सेलेरस स्नेप के रोल में पापा एस्सीडू नजर आएंगे। वहीं, रुबस हैग्रिड का खास रोल निक फ्रॉस्ट निभाएंगे। इन सभी के अलावा ल्यूक थैलोन क्विरिनस क्विरेल के किरदार में नजर आएंगे।



# कैटी ने अंतरिक्ष में गाया खूबसूरत गाना

**लॉस एंजिल्स।** कैटी पेरी अपनी 5 सदस्यीय महिला दल के साथ अंतरिक्ष की यात्रा कर लौट आई हैं। कुल 11 मिनट की यात्रा के दौरान वह चार मिनट अंतरिक्ष में रहीं। इस दौरान उन्होंने वहां एक खूबसूरत गाना भी गाया। धरती पर लौटते ही कैटी ने जमीन को चूमा, कहा कि यह मां बनने के बाद उनकी जिंदगी का दूसरा सबसे इमोशनल पल है। कैटी ने खुलासा किया कि उन्होंने उड़ान के दौरान 'व्हाट ए वंडरफुल वर्ल्ड' गाना भी गाया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि इस अनुभव ने मुझे यह दिखाया है कि आप अपने अंदर भरे प्यार को कभी नहीं जान सकते, जैसे कि आपको कितना प्यार देना है और आपसे कितना प्यार किया जाता है।' कैटी पेरी ने उड़ान भरने के दौरान अपने साथ एक डेजी का फूल भी रखा था। यह उनकी बेटी डेजी के लिए था।



# रेखा-साधना को देखकर सीखा डांस...


**मुंबई।** रवीना टंडन 90 के दशक में एक्टिंग के अलावा फिल्मों में अपने डांस को लेकर भी चर्चा में रहती थीं, अब बेटी राशा थडानी से उनकी राह पर चल रही हैं। अपनी डेब्यू फिल्म में राशा थडानी ने एक डांस नंबर 'ऊई अम्मा' भी किया था, इस गाने में उनके डांस को काफी पसंद किया गया। हाल ही में राशा ने बताया कि कैसे वह पहली ही फिल्म में इतना अच्छा डांस कर पाईं। साथ ही इस काम में मां रवीना टंडन ने कैसे उनकी मदद की? राशा थडानी ने हाल ही में बीबीसी एशियन नेटवर्क से की गई बातचीत में बताया कि मां रवीना टंडन ने डांस सीखने में काफी मदद की। राशा कहती हैं, 'मां ने मुझे रेखा, साधना जैसी एक्ट्रेस की पुरानी डांस वीडियो देखने को कहा। साथ ही सरोज खान जी की डांस ट्रेनिंग को भी देखने की सलाह दी।



# देसी अंदाज देखने पहुंच रहे दर्शक

**मुंबई।** सनी का देसी अंदाज और फिल्म की जोरदार कहानी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच रही है। 'जाट' ने वीकेंड के बाद भी अपनी पकड़ बनाए रखी। अगर, यह रफ्तार बनी रही तो यह फिल्म जल्द ही अपनी लागत पार कर सकती है। सनी देओल की 'जाट' दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है। हालांकि, सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई। पांचवें दिन फिल्म ने सात करोड़ 50 लाख रुपए की शानदार कमाई की, जिसके साथ इसका कुल कलेक्शन अब 47.75 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' ने सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया। पांचवें दिन फिल्म ने 15 करोड़ रुपए जुटाए, जिसके बाद इसका कुल कलेक्शन 101.3 करोड़ रुपए हो गया है। एक्शन के साथ फिल्म की कहानी लोगों को पसंद आ रही है।

## टीवी मसाला



# छोटे पर्दे पर भी तमन्ना ने खूब कमाया नाम

**मुंबई।** तमन्ना भाटिया इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर चर्चा में हैं। तमन्ना फिल्म में शिव भक्त बनी हैं और लोगों की मदद करती हैं। तमन्ना भाटिया ने साउथ की फिल्मों में काम करने के अलावा हिंदी फिल्मों जैसे 'बबली बाउंसर', 'एंटरटेनमेंट', 'हिम्मतवाला' और 'वेदा' में काम किया है। तमन्ना ने फिल्मों के अलावा कई टीवी सीरीज में काम किया है।

***जी करदा :*** जी करदा भारतीय हिंदी ड्रामा है। इसे अरुणिमा शर्मा ने निर्देशित किया था। यह 2023 में प्राइम वीडियो के लिए बनाया गया था। तमन्ना भाटिया ने इसमें अहम रोल निभाया था। इसके लिए उन्हें 2023 में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था।

***आखिरी सच :*** आखिरी सच हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली टीवी सीरीज है। इसका निर्देशन रब्बी ग्रेवाल ने किया था। सीरीज के लीड रोल में तमन्ना भाटिया थीं। वह इस सीरीज में पुलिस अफसर बनी थीं। यह सीरीज बुराड़ी मर्डर पर बनी थी। इसे डिज्नी हॉटस्टार पर जारी किया गया था। इसमें अदाकारी करने के लिए भी तमन्ना भाटिया को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला।

***नवंबर स्टोरी :*** नवंबर स्टोरी तमिल भाषा की टीवी सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर का निर्देशन इंदिरा सुब्रमण्यन ने किया है। इसके लीड रोल में तमन्ना भाटिया हैं। यह सीरीज डिज्नी हॉटस्टार पर 20 मई 2021 को रिलीज हुई थी। इसे स्ट्रीमिंग ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया।

***मास्टर शेफ इंडिया- तेलुगू सीजन 1 :*** मास्टर शेफ इंडिया तेलुगु भाषा का टीवी शो है। इसके पहले 6 एपिसोड को तमन्ना भाटिया ने होस्ट किया। यह 27 अगस्त 2021 से 27 नवंबर 2021 तक जेमिनी टीवी पर प्रसारित किया गया।

***11 हॉवर :*** '11 हावर' तेलुगू भाषा की क्राइम थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर सीरीज का निर्देशन प्रवीण सत्तारू ने किया। इसमें तमन्ना भाटिया लीड रोल में थीं।

***सपने सुहाने लड़कपन के :*** 'सपने सुहाने लड़कपन के' एक टेलीविजन शो है। यह मई 2012 से जनवरी 2015 तक जी टीवी पर प्रसारित हुआ। इस शो के होली वाले एपिसोड में तमन्ना भाटिया नजर आईं थीं।

# एसीपी आयुष्मान ने आते ही प्रद्युमन की मौत पर कसा तंज

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर सीरियल सीआईडी 2 में लंबे समय से शो का हिस्सा रहे एसीपी प्रद्युमन का किरदार खत्म हो गया है। शो में एसीपी प्रद्युमन के किरदार में दिख रहे शिवाजी साटम का रोल खत्म होने के बाद अब पार्थ समथान ने एसीपी आयुष्मान बनकर शो में एंट्री की है। लेकिन, आयुष्मान की एंट्री के बाद से ही उनकी सीआईडी की पुरानी टीम के साथ टशन दिख रहा है। एसीपी प्रद्युमन के बेहद खास रहे अभिजीत और दया उनकी मौत के सदमे से उबर नहीं पा रहे हैं, लेकिन एसीपी आयुष्मान उन्हें अपने इमोशन पर काबू रख काम पर ध्यान देने की नसीहत देता है, जिसका बाद उसकी टीम से अनबन हो जाती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते नजर आते हैं।



सीआईडी 2 के प्रोमो में एसीपी आयुष्मान के रोल में दिख रहे एक्टर पार्थ समथान अभिजीत और दया से कहते हैं, कब तक एसीपी प्रद्युमन की मौत पर आंसू बहाओगे। अपने दर्द, इमोशन और आंसू की पोटली बनाकर इसे ऑफिस के बाहर लटका कर आया करो। सीन में देखा गया कि अभिजीत और दया गुस्से से आयुष्मान को घूरते नजर आते है। इसके साथ शो के दौरान भी दया और अभिजीत की आयुष्मान के साथ बहस होती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। वो कहते हैं, 'मुझे केवल परिणाम प्रभावित करते हैं। दया तुरंत उन्हें आश्वस्त करते हैं।

# इन मुस्लिम अभिनेत्रियों ने हिंदू नाम रखकर कमाई खूब शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी अभिनेत्रियां हुईं, जिन्होंने अपनी अदाकारी और खूबसूरती से लोगों को दीवाना बना दिया। उनके अभिनय की लोग आज भी सराहना करते हैं। हम बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों को बारे में जानेंगे, जिनके नाम को सुनकर लगता है कि वो हिंदू है, लेकिन हकीकत में वह मुस्लिम हैं। इन सभी ने अपना नाम बदलकर इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई और खूब नाम कमाया।



**तब्बू :** अभिनेत्री तब्बू ने बॉलीवुड ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनकी खूबसूरती और एक्टिंग के लाखों दीवाने हैं। उन्होंने कई हिट और सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। अभिनेत्री का असली नाम तबस्सुम फातिमा है।




**रीना रॉय :** 80 के दशक की अभिनेत्री रीना रॉय ने अपनी अदाकारी से बहुतों को प्रभावित किया है। उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। अभिनेत्री ने का असली नाम सायरा अली है।



**मीना कुमारी :** हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री मीना कुमारी का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। 'ट्रेजडी क्वीन'के नाम से मशहूर अभिनेत्री को भारत की सबसे लोकप्रिय और प्रतिष्ठित अभिनेत्रियों में से एक माना जाता हैं। उनकी अदाकारी और खूबसूरती का आज भी लोग तारीफ करते हैं। अभिनेत्री का असली नाम मीना कुमारी नहीं, बल्कि 'महजबीं बानो' था। अपने 33 साल के कॅरियर में उन्होंने 90 से ज्यादा फिल्में की हैं।



**मधुबाला :** मधुबाला के अभिनय कौशल और सुंदरता की प्रशंसा करते हुए आज भी लोग नहीं थकते। उन्होंने भारतीय सिनेमा में अतुलनीय योगदान दिया है। वह अपने दौर की सबसे लोकप्रिय और सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। मधुबाला का असली नाम मुमताज जहां बेगम देहलवी था। हालांकि, लंबे समय तक उनके प्रशंसक उन्हें नाम की वजह से हिंदू ही समझते रहे हैं।



**मान्यता दत्त :** संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त का नाम भी इस सूची में शामिल है। संजय दत्त से शादी करने से पहले वह फिल्मों में काम कर चुकी हैं। मान्यता का असली नाम दिलनवाज शेख है।

## हसरत जयपुरी की कलम से निकले सदाबहार गाने आज भी हैं प्रासंगिक

# 11 रुपए की सैलरी पर बस कंडक्टर के रूप में शुरू किया काम

***नई दिल्ली।*** *हसरत जयपुरी हिंदी सिनेमा के उन गीतकारों में से एक हैं, जिनकी लेखनी ने न केवल गीतों को अमर किया, बल्कि लाखों दिलों को भी छुआ। उनकी शायरी और गीतों में प्यार, दर्द, और जिंदगी के रंग इतनी खूबसूरती से उभरकर सामने आए कि वे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उस समय हुआ करते थे।*

**इकबाल हुसैन था असली नाम :** हसरत जयपुरी का जन्म 15 अप्रैल 1922 को राजस्थान के जयपुर में हुआ था। उनका असली नाम इकबाल हुसैन था, लेकिन शायरी की दुनिया में उन्होंने 'हसरत जयपुरी' के नाम को अपनी पहचान बनाया। उनके पिता, नाजिम हुसैन सेना में कार्यरत थे, जबकि उनकी मां फिरदौसी बेगम एक गृहिणी थीं, जिन्हें शायरी से गहरा लगाव था। मां की यह रुचि हसरत को विरासत में मिली। आगे चलकर इसी चीज ने उनके जीवन को एक नई दिशा दी।

**20 साल की उम्र में लिखनी शुरू कीं कविताएं :** हसरत ने प्रारंभिक शिक्षा जयपुर में ही प्राप्त की। उन्हें असली तालीम उनके नाना फिदा हुसैन 'फिदा' से मिली, जो एक मशहूर शायर थे। नाना से हसरत ने उर्दू और फारसी की बारीकियां सीखीं, जिसने उनकी शायरी को गहराई दी। बीस साल की उम्र तक हसरत ने कविताएं लिखना शुरू कर दिया था। उनकी रचनाओं में प्रेम और जिंदगी के प्रति एक अनूठा दृष्टिकोण झलकता था।



**शायरी में प्रेम की मासूमियत झलकती थी :** हसरत जयपुरी का कॅरियर एक साधारण बस कंडक्टर के रूप में शुरू हुआ। 1940 में रोजगार की तलाश में वह जयपुर से मुंबई आ गए। यहां उन्हें बेस्ट बस में कंडक्टर की नौकरी मिली, जिसके लिए उन्हें मात्र 11 रुपए मासिक वेतन मिलता था। दिनभर बस में काम करने के बाद रात में वह मुशायरों में अपनी शायरी सुनाया करते थे। उनकी शायरी में जिंदगी का दर्द और प्रेम की मासूमियत इतनी खूबसूरती से झलकती थी कि लोग मंत्रमुग्ध हो जाते थे।

**इन फिल्मों के लिए लिखे सुपरहिट गाने :** बरसात की सफलता के बाद हसरत जयपुरी, राज कपूर, और शंकर-जयकिशन की तिकड़ी ने हिंदी सिनेमा को कई कालजयी गीत दिए। हसरत ने राज कपूर की फिल्मों जैसे आवारा, श्री 420, जिस देश में गंगा बहती है, संगम, और मेरा नाम जोकर के लिए यादगार गीत लिखे। 1966 और 1972 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ गीतकार के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला। उनकी खासियत थी कि वह साधारण शब्दों में गहरी बातें कह जाते थे। उनकी लेखनी में प्रेम, देशभक्ति, और सामाजिक मुद्दों का सुंदर समावेश होता था।

**राज कपूर के साथ खूब जमी जोड़ी :** एक मुशायरे में उनकी मुलाकात अभिनेता पृथ्वीराज कपूर से हुई, जो उनकी शायरी से बेहद प्रभावित हुए। पृथ्वीराज ने अपने बेटे राज कपूर, को हसरत से मिलने की सलाह दी। उस समय राज कपूर अपनी फिल्म बरसात (1949) की तैयारी कर रहे थे। हसरत ने इस फिल्म के लिए अपना पहला गीत 'जिया बेकरार है, छाई बहार है' लिखा, जिसे शंकर-जयकिशन ने संगीतबद्ध किया। यह गीत सुपरहिट हुआ, और इसके साथ ही हसरत जयपुरी का नाम हिंदी सिनेमा में गूंजने लगा।

## प्रेमिका के लिए लिखी लाइन हुई खूब मशहूर

हसरत जयपुरी का निजी जीवन भी उनकी शायरी की तरह रंगों से भरा और भावनात्मक था। बीस साल की उम्र में उन्हें अपने पड़ोस की एक हिंदू लड़की, राधा से प्रेम हो गया था। इस प्रेम ने उनकी लेखनी को और निखारा। हसरत ने एक साक्षात्कार में कहा था, 'प्रेम का कोई धर्म नहीं होता।' उन्होंने राधा के लिए एक कविता लिखी थी, 'ये मेरा प्रेम पत्र पढ़ कर, के तुम नाराज न होना,' जो बाद में फिल्म संगम (1964) का हिस्सा बनी और देशभर में मशहूर हुई। हसरत जयपुरी की निजी जिंदगी की बात करें तो शादी के बाद उनकी पत्नी ने एक बेटे का जन्म दिया। बेटे के जन्म पर उन्होंने जो पंक्तियां लिखीं वो थीं, 'तेरी प्यारी-प्यारी सूरत को किसी की नजर न लगे,' यह लाइनें भी फिल्म ससुराल (1961) का हिस्सा बनीं।

16 JANJ-JANJ PG-04_Layout 1 4/16/2025 10:15 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### परशुराम जयंती मनाने बैठक में तैयार की गई रुपरेखा



**जांजगीर-चांपा।** गौरव ग्राम सिवनी में भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभा यात्रा की तैयारी हेतु एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में तय किया गया कि गौरव ग्राम सिवनी में 30 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा सायं 4 बजे निकाली जावेगी। शोभायात्रा के बाद सभी विप्रजन जांजगीर में उसी दिन आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा में शामिल होंगे। बैठक में डॉक्टर सनत कुमार पाण्डेय, महेंद्र कुमार पाण्डेय,कार्तिकेश्वर पाण्डेय,उज्जवल पाण्डेय,भूपेंद्र पाण्डेय, सियाराम मिश्रा, ओमप्रकाश मिश्रा,सुकेश शर्मा,सुधांशु मिश्रा,लक्ष्मीनारायण पाण्डेय,चंद्रहास पाण्डेय,गोविंद पाण्डेय,गोपाल पाण्डेय,हरिराम पाण्डेय,सुरेश मिश्रा, अमित मिश्रा,व्यासनारायण मिश्रा,देवेंद्र मिश्रा,शैलेन्द्र पाण्डेय,प्रांजल शर्मा, मुकेश मिश्रा,आदर्श शर्मा, ज्ञानू शर्मा,अनुपम पाण्डेय एवं जांजगीर से मनोज पाण्डेय और विवेक पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित थे।

### इंग्लिश आचार्य में तीन दिवसीय निःशुल्क अबेकस वर्कशॉप 18 से

**जांजगीर-चांपा।** बच्चों के मानसिक विकास और गणितीय कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, इंग्लिश आचार्य द्वारा 18, 19 और 20 अप्रैल को तीन दिवसीय निशुल्क अबेकस वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। यह वर्कशॉप 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई है। संस्था के डायरेक्टर दीपक तिवारी ने बताया कि अबेकस एक प्राचीन गणना उपकरण है जो बच्चों के मस्तिष्क के दोनों भागों को सक्रिय करता है और उनकी एकाग्रता, स्मरण शक्ति और मानसिक गणना की क्षमता को कई गुना बढ़ाता है। यह कार्यशाला पूर्णतः निःशुल्क है, लेकिन सीमित सीटों के कारण अग्रिम पंजीकरण अनिवार्य है।

### खनिज न्यास के नवनियुक्त अध्यक्ष सौरभ सिंह का सुकली में हुआ स्वागत



**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ शासन के खनिज न्यास अध्यक्ष सौरभ सिंह पूर्व विधायक अकलतरा का क्षत्रिय कुल गौरव महाराणा प्रताप प्रतिमा स्थल सुकली के पास भव्य स्वागत किया गया। श्री सिंह द्वारा महाराणा प्रताप का पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, अमर सुल्तानिया, रवि पांडे, राजकुमार साहू जिला पंचायत सभापति क्षत्रिय समाज के ग्राम महंत से वृंदावन सिंह, पुष्पराज सिंह, सिन्नु रामेश्वर सिंह, लक्ष्मी सिंह, अश्वनी सिंह, बृजेश सिंह, दुर्गेश सिंह, विपिन सिंह, रामेश्वर सिंह, अवि सिंह, प्रीतम सिंह, राहुल सिंह, नमन सिंह, राकेश सिंह, सौमित्र सिंह, प्रशांत सिंह, युवराज सिंह, बलराज सिंह, प्रेम सिंह, सानू सिंह, सुमीत सिंह, भोलू सिंह, पृथ्वी सिंह, तरुण राठौर एवं बड़ी संख्या अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### निधन

#### सोमनाथ भट्ट



**राहौद।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक स्वः कोमल प्रसाद भट्ट (सेवानिवृत्त लेखापाल जिला शिक्षा कार्यालय जांजगीर-चांपा) के सुपुत्र सोमनाथ भट्ट का आकस्मिक निधन 43 वर्ष की आयु में मंगलवार 15 अप्रैल को हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 16 अप्रैल को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि शेषनाथ भट्ट ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधु,शिक्षकगण सहित बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। वे शासकीय प्राथमिक शाला दर्रीपारा (खोखरी) में पदस्थ प्रधान पाठक सदानंद भट्ट के भाई थे।



नगर के विभिन्न संस्थाओं के द्वारा छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम अध्यक्ष का किया गया नागरिक अभिनंदन

# दलगत राजनीति से ऊपर उठकर मातृभूमि अकलतरा का कर्ज चुकाना है : सौरभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में नगर के एजुकेशन ट्रस्ट जेके नेशनल स्कूल सभागार में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह का नागरिक अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सौरभ सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभारी हूं जिन्होंने मुझे छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी दी गई है। मैं उनके विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। आदमी को जीवन में हार बहुत कुछ सिखाता है, हार को एक चुनौती के रूप में स्वीकार करके आगे बढ़ाना चाहिए। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर मातृभूमि अकलतरा का कर्ज चुकाना है। जनता ने उन्हें दो बार विधानसभा भेजा और चुनाव में हार के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने युवाओं से नगर के विकास में आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि फिलहाल खनिज निगम 20 करोड़ रुपये के घाटे में है, और उसे लाभ में लाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मण मुकीम ने की। उन्होंने कहा कि अकलतरा विधानसभा के राजनीतिज्ञों में सौरभ सिंह ने अब तक की सर्वोच्च उपलब्धि प्राप्त की है। अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट की स्थापना 1954 में हुई थी और पिछले 71 वर्षों से यह संस्था क्षेत्र में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत है। सौरभ सिंह के पिता धीरेंद्र कुमार सिंह ने भी ट्रस्ट के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, और अब सौरभ सिंह उसी परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। ट्रस्ट के सचिव ईश्वर खंडेलिया ने कहा कि सौरभ सिंह पिछले 10 वर्षों से ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में ट्रस्ट ने निरंतर प्रगति की है। कार्यक्रम को पूर्व सांसद कमला पाटले एवं पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी, नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति सारथी, जनपद पंचायत अध्यक्ष शकुन अघरिया, गुलाब सिंह चंदेल सहित कई जनप्रतिनिधि मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट, बैडमिंटन क्लब, राज्य कर्मचारी संघ, जैन समाज, जेके स्कूल, सेंट जेवियर स्कूल सहित अनेक संगठनों ने सौरभ सिंह का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने किया और आभार प्रदर्शन प्राचार्य आरके विश्वकर्मा ने किया। समारोह में रवि पांडेय, अमर सुल्तानिया, राजकुमार सिंह, नरेश केड़िया, कमल केड़िया, आशालता सिंह, लव सिंह चंदेल, सतीश दीवान, दीनदयाल अग्रवाल, संजय सिंह सिसोदिया, विनोद केड़िया, रमाकांत सिंह, विकास केड़िया, निखिल कौशिक और नगर के अन्य गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह का अभिनंदन करते लोग।

**खनिज विकास निगम अध्यक्ष ने विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने की कहीं बात**

अकलतरा विधानसभा क्षेत्र से दो बार प्रतिनिधित्व करने वाले अकलतरा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वर्तमान मैं खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने एक कार्यक्रम के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने की बात कही है। श्री सौरभ अकलतरा विधानसभा क्षेत्र से पहले बहुजन समाज पार्टी फिर इसके बाद भारतीय जनता पार्टी से विधायक रहे हैं। उन्होंने कहा कि अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के जनता का प्यार एवं दुलार उन्हें हमेशा से मिलते आ रहा है। श्री सौरभ ने कहा कि हर जीवन में बहुत कुछ सीखना है दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उन्हें अकलतरा क्षेत्र की जनता का कर्ज भी चुकाना है। उन्होंने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता है। पार्टी ने उन्हें जो भी दायित्व सौंपा है उसे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करने की बात कही।

## विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने पदोन्नति आदेश तत्काल जारी करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने अधीक्षण अभियंता से मिलकर तृतीय व चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों की तत्काल पदोन्नति आदेश जारी करने मांग की है। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य शिविर और सुरक्षा सामग्री की भी मांग रखी। अधीक्षण अभियंता ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए उचित स्तर पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

■ अधीक्षण अभियंता ने उचित कार्रवाई का दिया आश्वासन

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन द्वारा तृतीय व चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों की पदोन्नति आदेश तत्काल जारी करने की प्रमुख मांग को लेकर छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी कार्यालय में अधीक्षण अभियंता अमर चौधरी से सौजन्य भेंट की गई। इस मुलाकात में संगठन की ओर से रवि साइमन (प्रचार सचिव - उत्पादन इकाई), धनीराम जांगड़े (सचिव), भीष्म सूर्यवंशी (अध्यक्ष), श्रीमती ज्योत्सना ताम्रकार, श्रीमती मधुलता बंजारे (उपाध्यक्ष), वाशु सूर्यवंशी, जैतराम निराला, विनोद महिलाएं, संजय दास महंत, मनमोहन सोनवानी, मनोज अंचल सहित कई उर्जावान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रमुख मांगों में तृतीय व चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों की पदोन्नति आदेश तत्काल जारी किए जाएं, मड़वा में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी की सलाह से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाए, मानसून पूर्व सभी सुरक्षा सामग्री को उच्च प्राथमिकता में रखते हुए कर्मचारियों को शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। संगठन ने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों को अब और टाला नहीं जाना चाहिए। पदोन्नति आदेश की तात्कालिक आवश्यकता पर बल देते हुए यूनियन ने इसे कर्मचारी हित और मनोबल से जुड़ा विषय बताया। इस भेंटवार्ता में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में चर्चा हुई, और अधीक्षण अभियंता अमर चौधरी ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए उचित स्तर पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### बागवीन में लीनेस क्लब ने औषधिय व आक्सीजन युक्त पौधों का किया रोपण

**सक्ती।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी एम - 1 संपदा सक्ती की डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लीनेस ललिता साहु ने अपने डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट घरेलू बागवानी के तहत घर में औषधियुक्त ,आक्सीजन युक्त एवं सुन्दर दिखने वाले पौधों के साथ-साथ सब्जीयो का किया रोपण और कहा कि घरेलू बागवानी का मतलब फल, सब्जीया, फूलों और सजावटी पौधो को लगा उनकी देखभाल करने से है इससे हमें ताजा, पोष्टिक सब्जीयां मिल जाती है इससे घर के अन्दर की हवा शुद्ध रहती है साथ ही तनाव से भी राहत मिलती है, स्वास्थ्य लाभ मिलता है, दिलों दिमाग खुश रहता है। आज घरेलू बागवानी की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। कोरोना काल में बहुत से लोगों ने अपने अपने घरों के छतों में समय बिताने के लिये बागवानी करना शुरू कर दिया है। इस अवसर पर लीनेस अनीता सिंह, अल्का कंवर,कलेश्वरी साहू, रीता राज, पूनम साहू उपास्थित रही।



### अग्रवाल निवास में दादी का मंगल पाठ आज

**चांपा।** कोरबा रोड स्थित जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष सज्जन अग्रवाल के निवास परिसर में निर्मित श्री राणी सती दादी मंदिर के 18वें स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार 17 अप्रैल को अपरान्ह 3 से सायं 7 बजे तक श्री राणी सती दादी जी के मंगल पाठ का आयोजन किया गया है। इस दौरान पुरुलिया (पश्चिम बंगाल) से आई पाठ वाचिका रोशनी शर्मा अपनी सुमधुर वाणी में मंगलपाठ गायन करेंगी। मंगलपाठ के पश्चात शाम 7 से 10 बजे तक प्रसाद (भंडारे) का आयोजन रखा गया है। अग्रवाल परिवार ने आमंत्रितों से मंगलपाठ एवं भंडारे में शामिल होने का अनुरोध किया है।



## जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो द्वारा जिले के दूर दराज के इलाकों से आए विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी गई।

■ संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को तत्काल निराकरण करने दिए निर्देश

जनदर्शन में अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 19 आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को कलेक्ट्रेट परिसर सभाकक्ष में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को तत्काल देकर यथाशीघ्र नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है। इस दौरान अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा और सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनदर्शन में तहसील अड़भार अंतर्गत ग्राम हरेठी निवासी धनकुमार यादव ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत सहायता प्रदान करने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम लिमतरा निवासी श्री धनीदास साहू ने किसान फॉर्मर आईडी में भूमि स्वामी का खसरा नंबर दर्जे करने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम घोघरा के समस्त ग्रामवासियों द्वारा घोघरा माईन नहर में 5 मई तक पानी देने के संबंध में, तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम करिगांव निवासी चंदन सिंह चंद्रा ने किसान फॉर्मर आईडी में भूमि स्वामी का खसरा नंबर दर्जे करने के संबंध में, तहसील बाराद्वार अंतर्गत ग्राम रेड़ा निवासी उज्जैन सिंह कंवर ने लापता हुए श्रीमती जाम बाई कंवर का खोजबीन करने के संबंध में, तहसील सक्ती के वार्ड नं 12 निवासी समस्त वार्डवासियों द्वारा वार्ड नं 12 के गिन्नी धर्मशाला के पीछे नाला के साफ-सफाई कराए जाने के संबंध में, तहसील अड़भार अंतर्गत ग्राम सेरो निवासी सुश्री शिव कुमारी ने निजी भूमि का ऑनलाइन नाम जोड़वाने के संबंध में, तहसील अड़भार अंतर्गत ग्राम असौंदा निवासी सुरीत राम ने किसान फॉर्मर आईडी में भूमि स्वामी का खसरा नंबर दर्जे करने के संबंध में, तहसील अड़भार अंतर्गत नगर पंचायत अड़भार निवासी जयेंद्र कुमार खरे ने स्वयं की भूमि एवं संलग्न भूमि का पूर्व में हुए सीमांकन का पुनरीक्षण के संबंध में सहित अन्य विभिन्न आवेदको द्वारा साप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन दिया गया I उल्लेखनीय है कि आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार को जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है।



जनदर्शन में लोगों की समस्या सुनते कलेक्टर।

## प्रशिक्षण में छात्र-छात्राओं ने सिखे कराटे व फोक डांस

**जांजगीर-चांपा।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में 16 से 30 अप्रैल तक 15 दिवसीय समर कैम्प का शुभारंभ हुआ । समर कैम्प का उद्घाटन आयोजन समिति के समन्वयक एवं प्राचार्य डॉ सुरेश यादव, संयोजक मूलचन्द साव , उप संयोजक श्रीमती चंचला मिश्रा , कुशल प्रशिक्षक अबेकस विशेषज्ञ राज होता एवं राम होता, रूक्मिणी पाण्डेय , दीपक तिवारी, पुष्पेन्द्र राजनाथ , प्रिया कोसरे , प्रतिभा यादव , विजेयता चौहान के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर धूप-दीप जलाकर किया गया।

इस अवसर पर कैम्प समन्वयक एवं प्राचार्य डॉ सुरेश यादव ने कैम्प के विशेषताओ व उद्देश्यो पर चर्चा करते हुए कहा कि यह कैम्प न केवल विद्यालय के छात्र छात्राओ अपितु जिले के अन्य विद्यालय के विद्यार्थियो के लिए निःशुल्क है इसमे नर्सरी से बारहवीं के छात्र -छात्राए सम्मिलित होकर विद्यालय के दिनचर्या से मुक्त होकर अन्य गतिविधियो को सीखकर अपने ब्यक्तित्व मे और निखार ला सकते है। योग एवं कराटे के माध्यम से शरीर को स्वस्थ और पुष्ठ बना सकते है इसके साथ ही बच्चो के कौशल विकास और ब्यक्तगत प्रगति को बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम को अन्य अभ्यागतों ने भी संबोधित किया। समर कैम्प के प्रथम दिवस के द्वितीय सत्र मे कराटे के प्रशिक्षक रूक्मिणी पाण्डेय के द्वारा कराटे के प्रारंभिक स्तर का प्रशिक्षण सिखाया गया । तत्पश्चात आर्ट एण्ड क्राफ्ट के प्रशिक्षक विजेयता चौहान के द्वारा कागज को काटकर गणित के ज्यामितीय आकारो से परिचित कराया गया । प्रशिक्षण के अंतिम काल खण्ड मे डांस प्रशिक्षक पुष्पेन्द्र राजनाथ और प्रतिभा यादव के द्वारा लेझिम और फोक डांस सिखाया गया



पशिक्षण प्राप्त करते छात्र-छात्राएं।

## पूज्य सिंधी पंचायत सिंधी कालोनी के अध्यक्ष बने सुनील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

स्थानीय पूज्य सिंधी पंचायत संत कंवरराम नगर सिंधी कालोनी की एक आवश्यक बैठक मंगलवार 15 अप्रैल को सायं 5 बजे से सिंधु भवन में रखी गई। इसमें सर्वसम्मति से समाज के युवा सुनील साधवानी को पूज्य सिंधी पंचायत सिंधी कालोनी का नवीन अध्यक्ष चुना गया।

समाज के वरिष्ठ एवं युवाओं की उपस्थिति में संपन्न बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार पूज्य सिंधी पंचायत सिंधी कालोनी के नवीन अध्यक्ष का चयन करते हुए तत्संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष सुनील साधवानी ने सभी से सलाह एवं मशविरा कर कार्यकारिणी गठन करते हुए समाज के विकास तथा हित के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। संपन्न बैठक में प्रमुख रुप से मोहन भाई साहब, चंदरमल माखीजा, नामदेव जसवानी, भागचंद लक्षवानी, दिलीप मीरचंदानी, राजेश साधवानी, सच्चानंद साधवानी, दिलीप जसवानी, मनोहर जेठानी, अनिल जसवानी, राजा चंदवानी, रुपचंद साधवानी, लक्ष्मण साधवानी, अमित साधवानी, मुकेश धर्माणी, अमित लालवानी, सुरेश धामेचा, संजय साधवानी, पंकज साधवानी आदि मौजूद थे।



समाज के अध्यक्ष चुने जाने के बाद लोगों के बीच सुनील।

आइसिंनिया फोटिडा किस्म की केचुआ पालन इकाई को देखकर खूब प्रभावित हुये किसान

## किसानों ने प्राप्त किया डेयरी और वर्मीकम्पोस्ट बनाने का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

अमोदा गांव के किसान पहुँचे वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह। जहाँ किसानों ने डेयरी और वर्मीकम्पोस्ट बनाने का प्रशिक्षण लिया और जैविक पद्धति से उगाई जा रही विभिन्न प्रकार की सब्जियों, फल और फूल की खेती का अवलोकन किया।

प्रशिक्षण में किसानों को किसान स्कूल के संचालक व छत्तीसगढ़ राज्य आरसेटी के कृषि उद्यमी के मास्टर ट्रेनर व असेसर दीनदयाल यादव ने बताया कि डेयरी अर्थात गोपालन से किसान को सिर्फ दूध ही नहीं बल्कि उनके गोबर और गोमूत्र से दूध से अधिक लाभ कमा सकते हैं। इस कथन को किसान स्कूल में सच साबित कर दिया गया है। जहाँ गाय के गोबर से बॉयोगैस संयंत्र प्लांट का सफलतापूर्वक संचालन किया हो रहा है। बायोगैस संयंत्र से घर का भोजन पकती है और संयंत्र से निकलने वाले गोबर के स्लरी में केचुआ पालन, जैविक खाद और कंडा तैयार किया जा रहा है। तथा गोमूत्र का उपयोग कीटनाशक दवाओं का निर्माण तथा जले हुए कंडे की राख से साथ मिलाकर जैविक खाद और कीटनाशक पॉवडर तैयार किया जा रहा है। वहीं दूध से बनाई जा रही छांछ का उपयोग हरेक फसलों पर जैविक कीटनाशक दवाओं और टॉनिक के रूप में किये जा रहे खेती की मॉडल को किसानों ने अपने नजरों से देखा। ऑस्ट्रेलिया देश से लाई गई आईसिनिया फोटिडा किस्म की केचुआ पालन इकाई को देखकर किसान बहुत प्रभावित हुए। किसानों का मित्र कहे जाने वाले केचुआ का पालन से लेकर उनके देखरेख तथा संरक्षण को लेकर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण तथा कृषक भ्रमण कार्यक्रम द लेप्रोसी मिशन ट्रस्ट इंडिया, हील प्रोजेक्ट के सीडीओ मनोज ना द्वारा अमोदा के किसानों को कराया गया।




प्रशिक्षण में शामिल किसान।



By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
10 मई 2025
02 जून 2025
10 जून 2025
29 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
03 अक्टूबर 2025
15 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-22,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)